अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067

- **हिंदी पखवाड़ा, 2023 का आयोजन**

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष के अनुरूप वर्ष 2023 में भी 14 से 28 सितम्बर 2023 तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक 14 सितम्बर, 2023 को आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक महोदय, आचार्य अविनाश चन्द्र पांडेय और श्री हरीश कुमार सेठी, निदेशक, स्कूल ऑफ ट्रांसलेशन स्टडीज़, इग्नू, (मुख्य अतिथि) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी और उसके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने अपने ज्ञानवर्धक विचारों से केंद्र परिवार को लाभान्वित किया।

स्टाफ सदस्यों की हिंदी भाषा के प्रति रुचि और ज्ञान में संवर्धन करने हेतु **"हिंदी भाषा के इतिहास"** पर एक चलचित्र प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, उद्घाटन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सौजन्य से एक पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा की अनेकों पुस्तकें कर्मचारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई।

चित्र : 1 -राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सौजन्य से आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी

हिंदी पखवाड़ा, 2023 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता और कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जो इस प्रकार हैं -

चित्र : 2 हिंदी पखवाड़ा, 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएं

- **हिंदी पखवाड़ा-2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएं**

हिंदी पखवाड़ा, 2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं की एक झलक –

1. टिप्पण एवं मसौदा लेखन

2. **काव्यपाठ प्रतियोगिता**

3. **<u>हिंदी टंकण प्रतियोगिता</u>**

4. <u>प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता</u>



सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर श्री विश्वंभर दत्त, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और श्री राजीव मेहता, वैज्ञानिक- 'एच' द्वारा पुरस्कृत किया गया।